## एक नजर में

### श्री गुरु नानक स्कूल में नि-शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**खंडवा**. श्री गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में एवं स्वर्गीय सरदार सुरजीत सिंह अजमानी जी और स्वर्गीय सरदार नरेंद्र सिंह चावला जी की स्मृति में विशाल नि-शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी प्रकार के रोगों के विशेषज्ञ जैसे हृदय रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग के विशेषज्ञ, बाल्य रोग विशेषज्ञ, पेट व आत रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं अन्य रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहे। इसमें जिला अस्पताल के सहयोग से निशुल्क दवाइयां का एवं कुछ जांचो का परीक्षण निशुल्क किया गया। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल जी खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवेजी सरदार परमजीत सिंह नारंग जी बीजेपी के जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज प्रदीप यादव मंडल अध्यक्ष श्री अनिल भगत पूर्व एल्डरमैन आदि लोग उपस्थित रहे। माननीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल जी द्वारा पूर्व सांसद स्वर्गीय नंद कुमार सिंह चौहान के द्वारा दिए गए आश्वासन को पूरा करते हुए श्री गुरु नानक स्कूल में कक्ष निर्माण हेतु ? 5 लाख सांसद मद से स्वीकृत किए गए एवं विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे जी की के द्वारा श्री गुरुसिंघ सभा को एक शव वाहिनी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### एंजेल्स प्लेनेट स्कूल के शिक्षकों का शैक्षणिक भ्रमण



**खंडवा**. नववर्ष के अवसर पर एंजेल्स प्लेनेट स्कूल के समस्त शिक्षकों द्वारा एक प्रेरणादायक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत शिक्षकगण कुल्लू-मनाली की यात्रा पर रवाना हुए। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि है इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केवल पर्यटन नहीं, बल्कि नए वातावरण में जाकर स्वयं को तरोताज़ा करना, आत्मप्रेरणा प्राप्त करना तथा नई-नई चीज़ों को देखना, समझना और सीखना है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार शिक्षकों का यह अनुभव विद्यार्थियों तक नवीन ऊर्जा, रचनात्मक सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण के रूप में पहुँचेगा। शिक्षक जब नए स्थानों की संस्कृति, प्रकृति, जीवनशैली और चुनौतियों को करीब से समझते हैं, तो वही अनुभव कक्षा में विद्यार्थियों के भीतर कल्पनाशीलता, जिज्ञासा और सीखने की नई प्रेरणा जागृत करता है। सुनील जैन ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य यह संदेश देना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि अनुभवों से सीखना भी उतना ही आवश्यक है। शिक्षक यहाँ से जो नया देखेंगे, समझेंगे और सीखेंगे, उसी भाव को वे विद्यालय लौटकर विद्यार्थियों में भी संचारित करेंगे, जिससे बच्चों को नया सोचने और नया करने की प्रेरणा मिलेगी। इस प्रेरणादायक यात्रा में बालाजी ग्रुप के संस्थापक, एवं एंजल प्लेनेट स्कूल के डायरेक्टर रितेश गोयल, प्रमोद पुरी,राजेश खत्री, राधेश्याम अग्रवाल, साथ ही प्रधानाचार्य डोना इम्स, नीलिमा एवं अन्य शिक्षकगण रहे। एंजेल्स प्लेनेट स्कूल का यह प्रयास शिक्षा को अनुभव आधारित बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जहाँ घूमना नहीं, बल्कि सीखना और स्वयं को बेहतर बनाना सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

### गुर्जर समाज अमर कोष छात्रवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन आज होगा

**खंडवा।** श्री रेवा गुर्जर समाज छात्रवृत्ति सम्मान समारोह 4 जनवरी रविवार को गुर्जर छात्रावास खंडवा में समाज अध्यक्ष डा. राधेश्याम पटेल की अध्यक्षता में आयोजन होगा इस अवसर पर प्रेरक वक्ता इंदौर के सुदर्शन गुर्जर रहेंगे मुख्य अतिथि शशि चौधरी वरिष्ठ वैज्ञानिक DRDO देहरादून, डा .सुषमा रात्रे (MD) प्रोफेसर शास. मेडिकल कॉलेज जबलपुर, डा. देवीदास पटेल, कृषि वैज्ञानिक नर्मदापुरम एवं विशेष अतिथि महेन्द्रकुमार पाटिल रहेंगे कार्यक्रम में NEET,IIT&IIM तथा नवोदय विद्यालय एवं सुपर 100 की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त के साथ DHD व CA आदि डिग्री प्राप्त करने वाले समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया जायेगा ।प्रकोष्ठ संयोजक वल्लभ पटेल ने सभी समाजजनों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आव्हान किया हैं।

### कांग्रेस आज विधायक निवास पर बजाएगी घंटा

**खंडवा।** इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई 14 मौतों और लगभग 2800 लोगों के बीमार होने की दुखद घटना के बीच, प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की टिप्पणी पर राजनीति गरमा गई है। पत्रकार के सवाल पर मंत्री द्वारा 'घंटा' शब्द का उपयोग करने और अमानवीय व्यवहार के विरोध में खंडवा जिला कांग्रेस कमेटी आज सड़कों पर उतरेगी। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, यह प्रदर्शन भाजपा सरकार की निरंकुशता के खिलाफ किया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि इंदौर की तरह खंडवा में भी कई क्षेत्रों में दूषित पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन सरकार सत्ता के मद में चूर है। जिला अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने बताया कि सभी कांग्रेसजन दोपहर 12-30 बजे गांधी भवन में एकत्रित होंगे। यहाँ से जुलूस के रूप में दोपहर 1 बजे सिविल लाइन स्थित विधायक निवास पहुँचकर 'घंटा' बजाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। संगठन ने महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई और पार्षद दल सहित सभी प्रकोष्ठों से बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

### अधिकारियों के दल ने मां की बगियाओं का किया निरीक्षण



**खंडवा**. कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने "एक बगिया माँ के नाम÷ परियोजना के तहत स्वसहायता समूह की पात्र महिला हितग्राहियों की निजी भूमि पर कराये गये उद्यानिकी संबंधी पौधारोपण कार्यों में शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिकारियों के संयुक्त निरीक्षण दल गठित किए हैं।

# दूषित जल आपूर्ति पर नगर निगम सख्त

## निगम खुद कराएगा टंकियों की सफाई, 25 अफसरों की टीम मैदान में उतरी





**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा (ब्यूरो रिपोर्ट)।** देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई अब तक 15 मौतों के बाद मचे हड़कंप के बाद खंडवा नगर निगम प्रशासन आखिरकार सक्रिय हो ही गया। निगम अफसरों के साथ जनप्रतिनिधियों ने आपातकालीन कदम उठाते हुए बैठक बुलाई। जल कार्य विभाग के प्रभारी और एमआईसी सदस्य राजेश यादव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से झीलोद्यान और लाल चौकी प्लांट से होने वाली जलापूर्ति को रोकने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने पहली बार आधिकारिक रूप से स्वीकार किया है कि शहर की टंकियों की सफाई पिछले दो सालों से नहीं हुई थी। यह स्वीकारोक्ति न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि यह भी बताती है कि शहरवासी अब तक राम भरोसे ही पानी पी रहे थे।

### कंपनी ने किया खेल, अब निगम संभालेगा कमान

एमआईसी सदस्य राजेश यादव ने 'नवभारत' से चर्चा में माना कि यह घोर लापरवाही है। उन्होंने कहा, ÷यह सच है कि टंकियों की सफाई का जिम्मा विश्वा कंपनी का था, लेकिन उन्होंने पिछले 2 साल से टंकियों की सुध नहीं ली। हम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं कर सकते। इसलिए हमने सप्लाई रोक दी है और दूषित पानी को डिस्चार्ज किया जा रहा है। अब हमने तय किया है कि टंकियों की सफाई के लिए हम कंपनी के भरोसे नहीं बैठेंगे। अब यह काम नगर निगम खुद अपनी निगरानी में करवाएगा।"

गौरतलब है कि जब पहले अधिकारियों से सवाल किया गया था, तो उन्होंने 'यह विश्वा का काम है' कहकर पल्ला झाड़ लिया था। लेकिन मीडिया के दबाव और इंदौर की घटना के डर ने उन्हें जिम्मेदारी लेने पर मजबूर कर दिया है।

### महापौर-आयुक्त एक्टिव मोड में- 50 वार्डों के लिए 25 टीमें गठित

इंदौर की घटना की पुनरावृत्ति खंडवा में न हो, इसके लिए महापौर अमृता अमर यादव और आयुक्त प्रियंका राजावत ने मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को आयुक्त ने जलप्रदाय व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की और 'वॉर रूम' जैसी स्थिति तैयार कर दी है।

आयुक्त के निर्देश पर शहर के सभी 50 वार्डों की जमीनी हकीकत जांचने के लिए 25 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। हर अधिकारी के साथ 4 कर्मचारियों की टीम होगी।

### इन टीमों को तीन मुख्य बिंदु दिए गए हैं

- लीकेज की तलाश- उन स्थानों को चिह्नित करना जहाँ पाइपलाइन नालियों या गटर के बीच से गुजर रही है और लीकेज है।
- टंकियों की स्थिति- नागरिकों से पूछकर यह पता लगाना कि उनके क्षेत्र की टंकियों की सफाई कब से नहीं हुई है।
- जल गुणवत्ता- सीधे घरों में पहुंचकर पानी की गुणवत्ता जाँचना।

आयुक्त सख्त लहजे में निर्देश दिए हैं कि अगले 3 से 4 दिनों में सभी लीकेज की रिपोर्ट मेज पर होनी चाहिए और एक सप्ताह के भीतर हर हाल में लीकेज सुधर जाने चाहिए। प्रशासन का दावा है कि रविवार को ही 4 बड़े लीकेज सुधार दिए गए हैं।

### नवभारत की पड़ताल ने खोली थी पोल

उल्लेखनीय है कि 'नवभारत' की टीम ने जब धरातल पर उतरकर झीलोद्यान स्थित कुएं की पड़ताल की थी, तो वहां का नज़ारा भयावह था। कुएं का पानी हरी काई से पटा हुआ था और ऊपर पेड़ों पर लटके चमगादड़ों की बीट सीधे पानी में गिर रही थी। इसी पानी को 'अमृत' समझकर लोग पी रहे थे। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसा पानी लिवर इन्फेक्शन, टाइफाइड और हैजा का मुख्य कारण बनता है। गनीमत रही कि खंडवा में अब तक कोई बड़ी महामारी नहीं फैली।

विपक्ष का अल्टीमेटम बरकरार

हालांकि प्रशासन ने सुधार कार्य शुरू कर दिए हैं, लेकिन विपक्ष का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है। नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने कहा है कि सप्लाई रोकना फौरी राहत है, लेकिन असली सवाल यह है कि मेरे द्वारा गत तीन वर्षों से शहर में वितरित गंदे पानी की शिकायत हर फोरम पर उठाई गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त नहीं हुई और नलों से निकलते गंदे पानी की सप्लाई नहीं रुकी तो तो वे जन आंदोलन करेंगे।

संतोषजनक जलापूर्ति का दावा, पर हकीकत कुछ और निगम के अधिकारियों द्वारा जारी रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि अधिकांश क्षेत्रों से फीडबैक मिला है कि पानी पीने योग्य है। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रही मटमैले पानी की तस्वीरें और खुद एमआईसी सदस्य का सप्लाई रोकने का निर्णय बताता है कि 'सब कुछ ठीक' नहीं है।

अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन द्वारा बनाई गई 25 टीमें वाकई में शहर की जल वितरण प्रणाली को सुधार पाती हैं, या फिर यह कवायद भी फाइलों में दबकर रह जाएगी। फिलहाल, खंडवा की जनता के लिए राहत की खबर यह है कि कम से कम अब उन्हें काई और गंदगी वाला पानी नहीं पीना पड़ेगा।

## पेयजल व्यवस्था सुधार के लिए विशेष निरीक्षण दल गठित

**नवभारत न्यूज़।**
**ओंकारेश्वर।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की भारी आमद और जन-स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए नगर परिषद प्रशासन ने पेयजल व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। शासन और जिला प्रशासन के निर्देशों के परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोनिका पाराधी ने शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इसी क्रम में, नगर परिषद द्वारा 2 जनवरी 2026 को एक उच्च स्तरीय 'विशेष निरीक्षण एवं सफाई दल' का गठन किया गया है। यह दल नगर के सभी 15 वार्डों में पेयजल आपूर्ति की सघन निगरानी करेगा। अभियान के तहत विशेष रूप से पानी की टंकियों, सार्वजनिक प्याऊ और वाल्व चैंबरों की नियमित सफाई और रखरखाव पर फोकस किया जाएगा। इस विशेष दल में तकनीकी और स्वच्छता विभाग के प्रमुख कर्मचारियों को शामिल किया गया है। इनमें उपयंत्री एवं जल प्रदाय शाखा प्रभारी सुरेशचंद पाटीदार, स्वच्छता शाखा प्रभारी जितेन्द्र हटवाल, उपयंत्री मनोज जायसवाल, सहायक स्वच्छता शाखा के गोविंदा हटवाल, जल प्रदाय विभाग के राजेश पाराशर और उपयंत्री कु. ज्योति करोडी शामिल हैं।

प्रशासन को पिछले कुछ समय से शिकायतें मिल रही थीं कि पेयजल पाइपलाइन के वाल्व चैंबरों के आसपास गंदा पानी और कचरा जमा हो रहा है।

## एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया



**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** न्यायपीठ बाल कल्याण समिति, खंडवा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय के स्न्हष्ट वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विशेष आवश्यकता वाली एक नवजात बालिका के स्वास्थ्य, उपचार एवं संरक्षण की स्थिति की समीक्षा की गई तथा चिकित्सकीय व नर्सिंग स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए गए।

निरीक्षण दल में समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं सदस्य मोहन मालवीय शामिल रहे। इस दौरान विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी किलकारी शिशु गृह के संचालक सुशील विधानी उपस्थित रहे। स्न्हष्ट प्रभारी डॉ. कृष्णा वास्कले एवं नर्सिंग स्टाफ ने नवजातों के उपचार से संबंधित जानकारी दी। अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने नवजातों की देखभाल, स्वच्छता, पोषण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए।

नवजात बालिका के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए संबंधित बाल कल्याण समितियों से समन्वय कर प्रकरण के निराकरण हेतु आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। साथ ही PICU में बालिका का निरीक्षण कर स्वास्थ्य की जानकारी ली गई बालिका के स्वस्थ होने पर शिशु गृह में बालिका को रखने हेतु नियमानुसार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि वर्तमान में जिला चिकित्सालय के स्न्हष्ट वार्ड में कुल तीन नवजात शिशु उपचाररत हैं। चिकित्सकों द्वारा फिट घोषित किए जाने के उपरांत नियमानुसार लीगल फ्री की कार्यवाही की जाएगी।

अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने स्पष्ट किया कि नवजातों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं संरक्षण के विषय में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बरुड़ शाखा का नए एवं आधुनिक परिसर में शुभारंभ



**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** बैंक ऑफ इंडिया, खंडवा अंचल के अंतर्गत बरुड़ शाखा का स्थानांतरण 3 जनवरी 2026 को नए एवं आधुनिक परिसर में किया गया। नए परिसर का उद्घाटन FGMO भोपाल के माननीय महाप्रबंधक श्री संजय श्रीवास्तव ने आंचलिक प्रबंधक खंडवा श्री बिश्व रंजन मिश्र, उप आंचलिक प्रबंधक श्री राजीव कुमार तथा उप आंचलिक प्रबंधक (वसूली) श्री सौरभ सिकरवार की गरिमामयी उपस्थिति में किया। इस अवसर पर शाखा द्वारा भव्य उद्घाटन एवं ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने कहा कि नए परिसर में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं के उपलब्ध होने से ग्राहकों को बेहतर, त्वरित और सुविधाजनक सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने बैंक की ग्राहक-उन्मुख सोच तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। आंचलिक प्रबंधक श्री मिश्र ने बताया कि 50 वर्ष पुरानी इस ग्रामीण शाखा के नए परिसर में स्थानांतरण से आसपास के लगभग 40 गांवों के करीब 25 हजार ग्राहकों को एक ही छत के नीचे उच्च स्तरीय बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर वाहन ऋण, कृषि वाहन, गृह ऋण एवं स्वयं सहायता समूह ऋण के तहत करीब एक करोड़ रुपये के ऋ ण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

## 'बांटें खुशियां हम' अभियान को जय भोलेनाथ ग्रुप का सहयोग



**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** खंडवा। नगर निगम द्वारा संचालित 'बांटें खुशियां हम' (RRR) अभियान को जय भोलेनाथ ग्रुप ने संबल प्रदान किया है। ग्रुप ने अपने 101 दिवसीय वस्त्र वितरण अभियान के 80वें दिन, पदम नगर स्थित शिव मंदिर से निगम के वाहन को 5 बोरी अनुपयोगी कपड़े व अन्य सामग्री सौंपी। ग्रुप के संरक्षक मनोहर शामनानी ने बताया कि संस्था पिछले 4 वर्षों से निगम के साथ मिलकर यह सेवा कार्य कर रही है, ताकि घरों की अनुपयोगी वस्तुएं किसी जरूरतमंद के काम आ सकें।

**बैठक** — कृषि प्रसंस्करण और एफपीओ को सशक्त करने पर दिया गया जोर

## ग्रामीण विकास पर नाबार्ड का सम्मेलन संपन्न



**नवभारत न्यूज़।**
**खंडवा।** खंडवा 3 जनवरी 2026, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक "नाबार्ड" की खंडवा शाखा द्वारा जिले के समग्र विकास हेतु हितधारक सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य बैंकर्स, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों जैसे कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, जिला उद्योग केंद्र, एनआरएलएम, कृषि विज्ञान केंद्र तथा नाबार्ड द्वारा समर्थित एफपीओ, वाटरशेड, वाडी एवं सीएफएल परियोजनाओं के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाना था, ताकि जिले के विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण पर चर्चा हो सके। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए उपस्थित एफपीओ प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वे खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को बढ़ावा दें, ताकि किसानों को सुनिश्चित बाजार एवं बेहतर आय प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत हमारे जिले में प्याज को चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में प्याज का अधिक उत्पादन होने के बावजूद प्रसंस्करण गतिविधियाँ कम हैं, जिसके परिणाम स्वरूप किसानों को कम आय प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे पास प्रोसेसिंग यूनिट्स हों, तो प्याज को पाउडर, फ्लेक्स या अचार के रूप में बदलकर उसकी शेल्फ लाइफ बढ़ाई जा सकती है और साल भर बेचा जा सकता है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और गाँवों में रोजगार भी सृजित होगा।

## खंडवा जनपद पंचायत प्रथम स्थान पर

**खंडवा**. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, म.प्र. राज्य आजीविका मिशन एवं पंचायतराज कार्यों की प्रगति की व्यापक समीक्षा कर जलकर अंतर्गत पंजीकरण एवं राजस्व वसूली से संबंधित प्रमुख घटकों के आधार पर जिले की सभी 7 जनपद पंचायतों के माह दिसम्बर 2025 में प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया गया।